अगर जांच प्रक्रिया के दौरान [illegible] यह गोपनीयता हनन का कोई मामला व्यवस्था दी.

सुंदरम मल्टीपेप अन्य राज्यों में शुरू करेगी ई–क्लास

पेपर स्टेशनरी उत्पाद में बाजार अग्रणी सुंदरम मल्टीपेप की संपूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सुंदरम एन्यूसिस प्रा. लि. को महाराष्ट्र में 2010 से शुरू किए गए 'ई-क्लास' में भारी सफलता मिलने से अब कंपनी ने 'ई-क्लास' शिक्षा सिस्टम को अन्य राज्यों में शुरू करने की योजना बनाई है. इस समय 'ई-क्लास' के जरिए महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड के 8, 9 और 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को भाषा को छोड़कर सभी विषय मूवी प्रकार में सिखाया जाता है. 'ई-क्लास' शैक्षिक ज्ञान इस समय अंग्रेजी माध्यम और मराठी माध्यम में उपलब्ध है. अब कंपनी शीघ्र ही महाराष्ट्र के 5, 6 और 7वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 'ई-क्लास' शुरू करेगी. 'ई-क्लास' विशिष्ट ऑफलाइन ऑडियो-विज्युअल उपभोक्ता प्रेमी शिक्षा कंसेप्ट है. इसमें पेन ड्राइव में चेप्टरवार ऑडियो विज्युअल - एनिमेटेड कंटैंट होता है, जो छोटे मल्टीमीडिया प्लेयर 'ई-क्लास' के मार्फत टीवी पर चलाया जाता है. इसमें वर्च्युअल क्लासरूम में रीयल शिक्षक हर विषय सिखाता है. मूवी देखने की यह चेप्टर-दर-चेप्टर सिखाए जाने से बच्चों को विषय काफी रोचक लगते हैं. सवाल-जवाब और रिविजन की व्यवस्था के लिए माइंड मेप जैसे विशिष्ट होने से 'ई-क्लास' काफी रोचक बना रहता है. इसमें इंटरनेट या कम्प्यूटर की जरूरत नहीं पड़ती. इसके बावजूद 'ई-क्लास' को सरलता से पीसी, लैपटॉप, स्कूल सर्वर आदि में लोड किया जा सकता है. सुंदरम मल्टीपेप लि. के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अमृत पी. शाह ने कहा कि इसमें रटने के स्थान पर विद्यार्थी कंसेप्ट समझकर पाठ्यक्रम को अधिक विस्तार और अधिक अच्छे ढंग से सीख सकता है.

नवभारत. 13-9-2-10